# क्रांति रेंजर्स टीम

## सत्र – 2023-2024



# SHAHEED MANGAL PANDEY GOVERNMENT GIRLS P.G. COLLEGE, MADHAVPURAM, MEERUT

## KRANTI RANGERS TEAM

## SESSION – 2023-2024

| SL.NO. | RANGER'S NAME | FATHER'S NAME | CLASS | HONOURS |
|---|---|---|---|---|
| 1. | KM. GARIMA PAL | SHRI RAMESHWAR DAYAL | B.A. II YEAR | BEST RANGER |
| 2. | KM. SIMRAN KARDAM | SHRI SURENDRA KARDAM | M.SC. II YEAR | NAVRATNA RANGERS |
| 3. | KM. MUSKAN | SHRI SHARAFAT ALI | B.SC. III YEAR | NAVRATNA RANGERS |
| 4. | KM. AANCHAL | SHRI RAJESH KUMAR | B.A.II YEAR | NAVRATNA RANGERS |
| 5. | KM. POOJA BISHT | SHRI GOPAL SINGH | B.A.IIYEAR | NAVRATNA RANGERS |
| 6. | KM. PRIYA RAJYA | SHRI MUKUL RAJYA | B.A.III YEAR | NAVRATNA RANGERS |
| 7. | KM. SAPNA | SHRI VYAS | B.A. II YEAR | NAVRATNA RANGERS |
| 8. | KM. PRIYANKA | SHRI SUNIL KUMAR | B.SC. II YEAR | NAVRATNA RANGERS |
| 9. | KM. RADHIKA GUPTA | SHRI DHEERAJ GUPTA | B.A.I YEAR | NAVRATNA RANGERS |
| 10. | KM. PRAGYA SHUKLA | SHRI HARI PRAKASH | B.A.I YEAR | NAVRATNA RANGERS |
| 11. | KM. AANCHAL SAINI | SHRI RAJKUMAR | B.SC. II YEAR | NAVRATNA RANGERS |

| SL.NO. | CAMP | TOTAL PARTICIPANT |
|---|---|---|
| 1. | PRAVESH | 45 |
| 2. | PRAVEEN | 13 |
| 3. | NIPUN | 06 |

# क्रांति रेंजर्स टीम–सत्र 2023–24

प्राचार्य प्रोफेसर (डॉक्टर) अंजू सिंह के संरक्षण एवं कुशल निर्देशन में छात्राओं के व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास हेतु रेंजर समिति के तत्वाधान में वर्ष भर विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं गतिविधियों का संचालन एवं आयोजन किया गया –


दिनांक 11 जुलाई 2023 को महाविद्यालय में क्रांति रेंजर टीम के द्वारा वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समिति सदस्य तथा रेंजर्स द्वारा महाविद्यालय परिसर, नारायण पार्क, सरस्वती लोक एवं माधवपुरम में सहजन, चंपा, अशोक, कनेर, अमरुद, गुलमोहर, सागौन, जामुन, नींबू, आँवला, कनेर, अमरूद आदि पौधों को लगाया गया।





दिनांक 26.07.2023 को 'सड़क सुरक्षा पखवाड़ा' के अंतर्गत क्रांति रेंजर्स टीम के तत्वावधान में छात्राओं को सड़क सुरक्षा व यातायात के नियमो के प्रति जागरूक करने के लिए " स्लोगन लेखन" प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता की निर्णायक प्रो0 लता कुमार, नोडल रोड सेफ्टी क्लब एवम् प्रो0 मोनिका चौधरी द्वारा कुमारी आँचल को प्रथम, कुमारी प्रिया राज्या को द्वितीय व करिश्मा को तृतीय स्थान की विजेता घोषित किया गया। कुमारी आंचल एवं सोनम को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।



दिनांक 02–10–2023 व 05–10–2023 को स्वच्छता अभियान सप्ताह के अंतर्गत महाविद्यालय की क्रांति रेंजर्स टीम के द्वारा श्रमदान कर महाविद्यालय में सफाई अभियान चलाया गया। रेंजर्स सोनिया, प्रियंका, निकिता पाल, अलका करिश्मा, सपना, सिमरन कर्दम ने उत्साह पूर्वक महाविद्यालय प्रांगण से घास को साफ करने का कार्य किया ।












दिनांक 31–10–2023 को सड़क सुरक्षा क्लब की मासिक गतिविधियों के अंतर्गत क्रांति रेंजर्स टीम के तत्वावधान में ''सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम जन जागृति से ही संभव है'' विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कु. सिमरन कर्दम एम एस सी तृतीय सेमेस्टर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।


कु. गरिमा पाल बी ए तृतीय वर्ष ने द्वितीय स्थान एवं कु. ईशा बी ए तृतीय वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।





दिनांक 6 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2023 तक शीतलाखेत में आयोजित राज्य पुरस्कार कैंप में महाविद्यालय की रेंजर कुमारी सिमरन के द्वारा प्रतिभागिता की गई।








कु. गरिमा पाल बी ए तृतीय वर्ष ने द्वितीय स्थान एवं कु. ईशा बी ए तृतीय वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।





दिनांक 6 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2023 तक शीतलाखेत में आयोजित राज्य पुरस्कार कैंप में महाविद्यालय की रेंजर कुमारी सिमरन के द्वारा प्रतिभागिता की गई।








कु. गरिमा पाल बी ए तृतीय वर्ष ने द्वितीय स्थान एवं कु. ईशा बी ए तृतीय वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।




दिनांक 6 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2023 तक शीतलाखेत में आयोजित राज्य पुरस्कार कैंप में महाविद्यालय की रेंजर कुमारी सिमरन के द्वारा प्रतिभागिता की गई।







दिनांक 02 से 06–11–2023 तक की अवधि में आयोजित होने वाले प्रादेशिक स्तरीय निपुण प्रशिक्षण शिविर में महाविद्यालय की 06 रेंजर्स ने प्रतिभाग किया।





दिनांक 16.11.2023 को स्वीप के अंतर्गत क्रांति रेंजर्स टीम के तत्वावधान में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।






दिनाँक 22.11.2023 को रोड सेफ्टी क्लब व रेंजर्स के सयुंक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा जागरूकता से संबंधित पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में छात्राओं ने सड़क सुरक्षा व जागरूकता को दर्शाते हुए आकर्षक पोस्टर बनाए । निर्णायक मंडल में प्रो.लता कुमार, नोडल सड़क सुरक्षा व श्रीमती मनीषा भूषण द्वारा प्रतियोगिता में भाग लेनी वाली छात्राओं का मूल्यांकन किया गया। प्रतियोगिता में पूजा सैनी पुत्री श्री मोतीलाल, बी एड द्वितीय वर्ष ने प्रथम स्थान, बुशरा पुत्री श्री नईम, एम ए प्रथम सेमेस्टर ने द्वितीय स्थान तथा मनाली कनौजिया पुत्री श्री रमेश कुमार, बी एड प्रथम वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रिमशा राणा पुत्री श्री मेहताब को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।






दिनांक 18.12.2023 को स्वीप के अंतर्गत क्रांति रेंजर्स टीम एवं एन सी सी इकाई के तत्वावधान में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।





दिनांक 22.12.2023 को क्रांति रेंजर्स टीम के तत्वाधान में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया निबंध प्रतियोगिता का विषय था ''सड़क सुरक्षा में जनमानस की भूमिका''। प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्राओं ने उत्साह पूर्वक प्रतिभागिता की। निर्णायक प्रोफेसर लता कुमार एवं प्रोफेसर मोनिका चौधरी के द्वारा प्रतियोगिता में भाग लेने वाली छात्राओं का मूल्यांकन किया गया। प्रतियोगिता में अर्चना बी एड प्रथम वर्ष ने प्रथम स्थान, गरिमा पाल बी ए तृतीय वर्ष ने द्वितीय स्थान एवं ईशा सिंह बी ए तृतीय वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



दिनांक 23.01.2024 को सड़क सुरक्षा क्लब की मासिक गतिविधियों के अंतर्गत क्रांति रेंजर्स टीम के तत्वावधान में ''सड़क सुरक्षा'' विषय पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षा की कुल 20 छात्राओं ने उत्साह पूर्वक प्रतिभागिता की। प्रतियोगिता में कु. सलोनी वर्मा एम ए तृतीय सेमेस्टर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कु. मुस्कान एम ए तृतीय सेमेस्टर ने द्वितीय स्थान एवं सोनम रानी एम ए तृतीय सेमेस्टर, आरती एम ए तृतीय सेमेस्टर, नैना बी ए प्रथम सेमेस्टर एवं निशु बी ए प्रथम सेमेस्टर ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।



29 से 31 जनवरी 2024 तक स्काउट गाइड भवन में आयोजित जनपद स्तरीय बेस्ट कैडेट प्रतियोगिता में क्रांति रेंजर टीम की रेंजर कुमारी गरिमा पाल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।





दिनांक 18 मई 2024 को रेंजर लीडर डॉ. अनुजा गर्ग के नेतृत्व में क्रांति रेंजर्स टीम की रेंजर्स द्वारा महाविद्यालय के निकट शरबत वितरण का स्टॉल लगाया । रेंजर्स के द्वारा राहगीरों को भीषण गर्मी से राहत पहुंचाने के लिए ठंडा जल एवं रूह अफजा शरबत का पूर्ण सेवा भाव से वितरण किया गया ।




दिनांक 21 फरवरी 2024 को प्राचार्य डॉ0 अंजू सिंह के संरक्षण में स्काउट गाइड प्रशिक्षक श्री सोनू कुमार एवं रेंजर प्रभारी डॉ0 अनुजा गर्ग के नेतृत्व में त्रिदिवसीय वार्षिक रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर का आरंभ प्राचार्य द्वारा ध्वजारोहण कर किया गया। ध्वजारोहण के पश्चात रेंजर्स द्वारा प्रार्थना गीत एवं झंडा गीत गाया गया। छात्राओं द्वारा स्कार्फ पहनाकर प्राचार्य एवं उपस्थित प्राध्यापकों डॉ भारती दीक्षित, डॉ लता कुमार, डॉ अनीता गोस्वामी, डॉ स्वर्णलता कदम एवम रेंजर्स समिति के सभी सदस्यों का स्वागत किया। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में रेंजर्स को समुदाय, राष्ट्र, एवं प्रकृति के प्रति संवेदनशील एवम संकल्पबद्ध होकर दायित्वों के निर्वहन करने का संदेश दिया। इसके उपरांत प्रशिक्षक श्री सोनू कुमार के द्वारा छात्राओं का टोली विभाजन, प्रतिज्ञा नियम, झंडा गीत , प्रार्थना एवं स्काउट गाइड के इतिहास की महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। रेंजर प्रभारी डॉ0 अनुजा गर्ग ने प्राचार्य , प्रशिक्षक सोनू कुमार , रेंजर्स समिति के सदस्यों एवं उपस्थित


प्राध्यापकों का उनके बहुमूल्य सहयोग हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया।








दिनांक 22 फरवरी 2024 को महाविद्यालय में आयोजित किए जा रहे त्रिदिवसीय वार्षिक रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर के द्वितीय दिवस का आरंभ स्काउटिंग के फाउंडर लार्ड बेडेन पावेल जी के जन्म दिवस पर आयोजित सर्वधर्म सभा के द्वारा किया गया। प्राचार्य डॉ. अंजू सिंह के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। झंडारोहण, प्रार्थना एवं झंडा गीत के उपरांत रेंजर्स को ए डी ओ सी स्काउट श्री सोनू कुमार ने स्वस्थ रहने के लिए बीपी सिक्स कसरतों की जानकारी प्रदान की एवं समस्त रेंजर्स को व्यायाम का अभ्यास कराया । महाविद्यालय प्राचार्य ने रेंजर्स को संबोधित करते हुए कहा कि हमें शारीरिक एवम मानसिक रूप से स्वस्थ रहने हेतु योग एवं व्यायाम को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। इसके पश्चात छात्राओं को गाँठे बंधन, प्राथमिक चिकित्सा, दिशाओं का ज्ञान , बिना बर्तन के भोजन तैयार करना एवं तंबू निर्माण की जानकारी प्रदान की गई । शिविर का संचालन रेंजर्स प्रभारी डॉ. अनुजा गर्ग, के नेतृत्व में हुआ। उन्होंने रेंजर्स को संबोधित करते हुए कहा कि निसंदेह शिविर में प्रदान की जा रही विभिन्न प्रकार की जानकारी विषम परिस्थितियों से अनुकूलन करना सिखाएगी








दिनांक 23 फरवरी 20 24 को महाविद्यालय में आयोजित किए जा रहे त्रिदिवसीय वार्षिक रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर के तीसरे व अंतिम दिवस का प्रारंभ प्राचार्य डॉ0 अंजू सिंह के द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ । झंडारोहण, प्रार्थना एवं झंडा गीत एवं रेंजर्स को दीक्षित करने के उपरांत स्काउट गाइड प्रशिक्षक श्री सोनू कुमार के निर्देशन में छात्राओं ने सुंदर तंबुओं का निर्माण किया । रेंजर्स ने सुंदर रंगोली बनाई एवम स्वादिष्ट व्यंजन बनाकर अपनी पाककला दक्षता का परिचय दिया। तंबू निर्माण प्रतियोगिता में टोली नंबर 6 मीराबाई ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में टोली नंबर पांच सरोजनी नायडू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एवम् पाक कला में टोली नंबर 4 किरण बेदी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ अंजू सिंह ने तंबू, रंगोली एवम फूड प्लाजा का निरीक्षण किया एवम समापन समारोह पर अपने उद्बोधन में रेंजर्स की विभिन्न प्रस्तुतियों की प्रशंसा कर उनका उत्साहवर्धन किया। रेंजर्स के सिद्धांत वाक्य '' कोशिश करो, तैयार रहो, सेवा करो'' को आत्मसात करने हेतु प्रोत्साहित किया। निर्णायक मंडल की भूमिका में डॉ लता कुमार, डॉ गीता चौधरी, डा मोनिका चौधरी, डॉ राकेश कुमार ढल, डॉ आशीष पाठक, डा पारुल मलिक, रहे। रेंजर्स प्रभारी डॉ अनुजा गर्ग ने प्राचार्य एवम प्रशिक्षक श्री सोनू कुमार को पौधा भेट कर धन्यवाद ज्ञापित किया रेंजर समिति के सदस्यों में डॉ सत्यपाल सिंह राणा, डॉ0 सुशील कुमार, डॉ0 विकास कुमार, डॉ0 आवेश कुमार ने शिविर संचालन में सहयोग प्रदान किया ।




















दिनांक 22.03.2024 को वार्षिकोत्सव समारोह में सत्र 2023–24 में वर्ष भर रेंजर्स के तत्वावधान में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों, गतिविधियों, प्रतियोगिताओं एवं रेंजर्स वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में सक्रिय प्रतिभागिता एवं उत्कृष्ट सहयोग के लिए कुमारी गरिमा पाल पुत्री श्री रामेश्वर बी ए तृतीय वर्ष को सर्वश्रेष्ठ रेंजर के रूप में सम्मानित एवम पुरस्कृत किया गया। सिमरन कर्दम एमएससी द्वितीय वर्ष, पूजा बिष्ट बी ए तृतीय सेमेस्टर, आंचल रानी पुत्री श्री राजेश कुमार बी ए तृतीय सेमेस्टर, कुमारी प्रियंका बी एससी तृतीय सेमेस्टर, कुमारी मुस्कान पुत्री श्री शराफत अली बी एससी तृतीय वर्ष, प्रिया राज्या पुत्री श्री मुकुल राज्या, आंचल सैनी पुत्री श्री राजकुमार, राधिका गुप्ता पुत्री श्री धीरज गुप्ता बी ए प्रथम वर्ष, एवम प्रज्ञा शुक्ला पुत्री श्री हरि प्रकाश बी ए प्रथम वर्ष को नवरत्न रेंजर के रूप में विशिष्ट सेवा हेतु सम्मानित किया गया एवं पुरस्कृत किया गया।




दिनांक 18 मई 2024 को रेंजर लीडर डॉ. अनुजा गर्ग के नेतृत्व में क्रांति रेंजर्स टीम की रेंजर्स द्वारा महाविद्यालय के निकट शरबत वितरण का स्टॉल लगाया । रेंजर्स के द्वारा राहगीरों को भीषण गर्मी से राहत पहुंचाने के लिए ठंडा जल एवं रूह अफजा शरबत का पूर्ण सेवा भाव से वितरण किया गया ।







## क्रांति रेंजर टीम– मीडिया कवरेज








**बाल दिवस पर छात्रों का प्रतिनिधिमंडल महामहिम से मिला**

मेरठ : कृष्णा पब्लिक स्कूल ककरखेड़ा और कृष्णा पब्लिक स्कूल किला रोड के चार छात्रों समेत दोनों स्कूलों के प्रधानाचार्य बाल दिवस के मौके पर महामहिम से मिले। मंगलवार को प्रधानाचार्य सुनित पंवार और गिरीश गुलाटी व स्काउट प्रशिक्षक अभिषेक माथुर के नेतृत्व में बाल दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति कार्यालय के निमंत्रण पर दिल्ली पहुंचे। जहां उन्होंने छात्रों के संग महामहिम द्रौपदी मुर्मू से भेंट की और जीवन में ऊंचे लक्ष्य प्राप्त करने के बारे में पूछा तो उन्होंने छात्रों को पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी। बच्चों ने वहां से आकर अपने यादगार अनुभव प्रबंधक रविन्द्र सिंह और रोहित सिंह के साथ साझा किए। जिसकी उन्होंने बहुत सराहना की। प्रतिनिधिमंडल में छात्रों की ओर से कक्षा नौवीं से वंशिका तोमर और तनिश कुमार, कक्षा छह से श्रेयांश पांडे व पूर्वी सिरोही शामिल रहे।

**मतदाता जागरूकता पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित**

मेरठ : शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्या डा. अंजू सिंह की अध्यक्षता में स्वीप के अंतर्गत मतदाता जागरूकता विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें बी.एड. की छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और आकर्षक पोस्टर बनाये। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर पूजा सैनी, द्वितीय स्थान पर पूजा चौहान एवं मनाली कन्नौजिया और तृतीय स्थान पर सना एवं संगीता यादव रही। साथ ही नम्रता सिंह को सांत्वना स्थान प्राप्त हुआ। विजेता छात्राओं को प्राचार्य अंजू सिंह द्वारा बधाई देते हुए सभी को मतदान के लिए जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि मतदान करना हमारा राष्ट्रीय कर्तव्य है। देश के प्रत्येक वयस्क नागरिक का यह दायित्व है कि वह मतदान के प्रति स्वयं जागरूक रहने के साथ ही साथ अपने आस-पास के व्यक्तियों को भी मतदान के प्रति जागरूक करें। कार्यक्रम का आयोजन शालिनी सिंह व ऋचा राणा द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में स्वीप नोडल अधिकारी डा. मुनेश एवं गौरव रहे। प्रतियोगिता में वंदना, आयुषी, सिमरन, मुस्कान, निकिता, विशाखा, शिखा, अंजलि, संस्कृति आदि छात्राओं ने प्रतिभाग किया।


POSTER COMPETITION
ON ROAD SAFETY
GPS Map Camer
Meerut, Uttar Pradesh, India
Shaheed Mangal Pandey Government Girls PG College, Madhav
GPS Map Camera
Meerut, Uttar Pradesh, India
PIC•COLLAGE



PIC·COLLAGE


Plantation
GPS Map Camera
Meerut, Uttar Pradesh, India
XMEV+PWQ, Khatta Rd, Indra Nagar, Bhagwatpura, Meerut, Uttar Pradesh 250002, India
Lat 28.96198°
Long 77.694613°
22/07/23 08:58 AM GMT +05:30
Lat 28.962203°
Long 77.695305°
22/07/23 08:54 AM GMT +05:30
क्रान्ति रेंजर टीम
मेरठ,UP,भारत
Khusal Colony Road, Madhav Puram, मेरठ, 250002, UP, भारत
22/07/23 09:01 AM GMT +05:30
PIC•COLLAGE


क्रान्ति रेंजर टीम
रेंजर टीम
क्रान्ति रेंजर टीम
क्रान्ति रेंजर टीम
PIC•COLLAGE


2023/05/19

2023/05/19



2023/05/19 11:48






PIC•COLLAGE